प्रेस विज्ञप्ति
नैनीताल बैंक की नवीनीकृत शाखा का भव्य उदघाटन

नैनीताल बैंक की नवीनीकृत शाखा के नए परिसर का उदघाटन बैंक के प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निखिल मोहन द्वारा कुंवर प्लाजा, एक्सिस बैंक के पास, फरीदपुर, बरेली, उत्तर प्रदेश स्थित नवसुसज्जित परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री निखिल मोहन ने इस अवसर पर प्रतीक स्वरुप फीता काटा तथा उदघाटन से संबन्धित अन्य औपचारिकताएँ पूरी की।

इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रमुख ग्राहकों एवं अन्य उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए श्री निखिल मोहन नें बैंक की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक आम आदमी के विकास हेतु अनेक योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सरल एव सस्ती दरों पर ऋण सुविधाए प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है।

इस अवसर पर श्री अजय सेठ (क्षेत्रीय प्रबंधक), शाखा प्रबंधक श्री सचिन सक्सेना (फरीदपुर बरेली) सहित अनेक ग्राहक एवं बैंक के अनेक अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

फरीदपुर बरेली
04 अप्रैल, 2023